राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर—302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141—2722520

क्रमांकः प.8(57)/RSSB/प.आ./परीक्षा तिथि निर्धारण(विविध)/2021—22/774 दिनांकः 05/09/2023

—: विज्ञप्ति —:

संशोधित परीक्षा कलैण्डर (समय—सारणी) वर्ष 2024

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 15.05.2023 को परीक्षा कलैण्डर जारी किया गया था। अब इस कलैण्डर में संशोधन करते हुए बोर्ड द्वारा पूर्व में आयोजित भर्ती परीक्षाओं प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल—प्रथम, लेवल—द्वितीय) परीक्षा, वनपाल, वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा—2020 एवं मोटर वाहन उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा—2021 आदि के अंतिम परीक्षा परिणाम को जारी करने का कार्य आने वाले एक माह में प्राथमिकता से किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि नियुक्ति का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को परिणाम शीघ्र मिल सकें।

इन परिणामों को प्राथमिकता से जारी करने के लिए चयन बोर्ड द्वारा अपने संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में गोपनीयता, परीक्षा आयोजित कराने के लिए आवश्यक कार्य जैसे प्रश्न—पत्र एवं परीक्षा केन्द्र निर्धारित करने जैसे कार्यो की संवेदनशीलता को देखते हुए पूर्व में जारी परीक्षा कलैण्डर में निम्न संशोधन किया गया है ताकि इन परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ सफलतापूर्वक किया जा सकें।

क्र.स.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक
1.	सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	21 जनवरी, 2024
2.	संविदा नर्स (GNM) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	03 फरवरी, 2024 (Morning)
3.	संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	03 फरवरी, 2024 (Evening)
4.	कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	04 फरवरी, 2024
5.	कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	11 फरवरी, 2024
6.	संगणक सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	03 मार्च, 2024
7.	पर्यवेक्षक (महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
8.	सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
9.	उपकारापाल सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
10.	छात्रावास अधीक्षक ग्रेड—II (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
11.	पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
12.	प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
13.	छात्रावास अधीक्षक ग्रेड—III (अल्पसंख्यक मामलात विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
14.	कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
15.	पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
16.	जिलेदार (सिंचाई) सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024
17.	कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2023	मार्च—अप्रैल, 2024

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव